तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

13 छात्र करें कौशल, नवाचार, नेतृत्व एवं नैतिकता ...



14 संस्कारित शिक्षा से होता है चरित्र निर्माण





## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री 3 को लेंगे समीक्षा बैठक

**बालोद।** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी विजय शर्मा की अध्यक्षता में 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बैठक में संबंधित को विभागीय जानकारी एवं पूर्व में हुई प्रभारी मंत्री की बैठकों का अद्यतन प्रतिवेदन सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### बाइक चालक ने दूसरे को मारा कट, तीन घायल

**बालोद।** बाइक में सवार होकर शोक कार्यक्रम में जा रहे तीन युवकों को एक लापरवाह बाईक चालक ने कट मारते हुए ठोकर मार दी, जिससे बाइक में सवार तीनों युवक घायल हो गए तथा अस्पताल में ईलाज के बाद युवकों ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाने वाले के खिलाफ अर्जुदा थाने में धारा 125 (ए), 281, 128, 184 तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है। होरी लाल ठाकुर ने पुलिस को बताया है कि वह टीकम ठाकुर, यशवंत ठाकुर के साथ तीनों बाइक से दादी कौशिल्या बाई ठाकुर के शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम खेरूद जा रहे थे। इस दौरान अर्जुन्दा सिकोसा रोड में ग्राम कोटगांव के सब स्टेशन के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक ने ऑटो रिक्शा को कट मारते बाइक को टक्कर मार दी। जिसके बाद बाइक सहित वे तीनों गिर गए। जिसके कारण तीनों को ही गंभीर चोटे आई थी, जहां आस पास के लोगों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ईलाज के बाद वे लापरवाह बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा रहे हैं।

### शेयर मार्केट के नाम पर 7.13 लाख की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि क्वाटर नं 3ए सडक 26 सेक्टर 11 जोन 1 खुर्सीपार निवासी जयंत कुमार पटेल ने ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से इन्वेस्टमेंट के नाम पर 7 लाख 13 हजार 173 रुपए का आनलाईन ठगी किया गया। पीड़ित टेलीग्राम आईडी के धारक अज्ञात आरोपी ने ट्रेडिंग कंपनी के नामक पर रुपए जमा कराया। उसके उसके बाद ठगी कर दिया। घटना की शिकायत पुलिस थाने में ददर्ज कराई गई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**अनियमितता :** पंचायत नियमों को दरकिनार कर की गई करोड़ों की अनियमितता

# डौंडी ब्लॉक में सोलर लाइट घोटाला हाईकोर्ट ने मांगी जांच रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी बहुल विकासखंड डौंडी की ग्राम पंचायतों में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि डीएमएफ से इंटीग्रेटेड सोलर सिस्टम लाइट लगाने के नाम पर भारी अनियमितता सामने आई है। हरिभूमि ने 2023 में प्रकाशित समाचार में यह खुलासा किया गया था कि पंचायतों को नियमों के खिलाफ दरकिनार कर कार्यों को अंजाम दिया गया। सरपंचों को मात्र रबर स्टांप बनाकर योजनाओं का क्रियान्वयन कराया गया। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत डौंडी द्वारा चयनित पंचायतों में साईं ट्रेडिंग कंपनी, विराज कंस्ट्रक्शन और एआर इंटरप्राइसेस बिलासपुर से कोटेशन मंगाया गया, लेकिन ठेका मात्र विराज कंस्ट्रक्शन को दिया गया। इसके पहले ही 16 जनवरी 2023 को संबंधित बिल ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुका था, जिससे पूर्व निर्धारित सांठगांठ की आशंका गहराती है।

**भंडार क्रय नियम की अनदेखी, पंचायतों ने नहीं किया नियमानुसार टेंडरः** छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम के अनुसार ग्राम पंचायतों को स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कर कोटेशन मंगाना अनिवार्य होता है, लेकिन ना तो कोई विज्ञापन जारी किया गया, ना ही कोटेशन जमा करने और खोलने की तिथियों की कोई सूचना उपलब्ध कराई गई। इसके बावजूद पंचायतों को पहली किश्त की राशि 3,22,500 अग्रिम भुगतान के रूप में जारी कर दी गई।





### क्रेडा की भूमिका को किया नजरअंदाज

राज्य शासन के 07 अक्टूबर 2014 के परिपत्र के अनुसार सोलर योजनाओं का क्रियान्वयन केवल क्रेडा के माध्यम से किया जाना चाहिए, लेकिन डौंडी ब्लॉक में क्रेडा को न तो सूचित किया गया और न ही शामिल किया गया। इससे शासन के निर्देशों की खुली अवहेलना हुई है।

### कार्य प्रारंभ की तिथि पर भी उठे सवाल

सूचना पटल पर 10 जनवरी 2023 को कार्य प्रारंभ की तिथि दर्शाई गई है, जबकि इसी दिन सरपंचों को कार्यादेश जारी किया गया। ऐसे में ठेकेदार पहले से काम शुरू कर चुका था या आदेश मिलने के दिन ही कैसे काम प्रारंभ हो गया, यह भी जांच का विषय है।

### प्रशासकीय स्वीकृति से पहले ही तैयार हो गए प्रस्ताव

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडी ने 23 दिसंबर 2022 को 19 पंचायतों के लिए प्रस्ताव भेजा, जबकि कई पंचायतों ने उसी तारीख या उसके बाद बैठक प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इससे स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायतों के नाम पहले तय कर लिए गए थे और औपचारिकता बाद में पूरी की गई।

### पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने की निष्पक्ष जांच की मांग

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने इस घोटाले को पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि बिना जनपद की सामान्य सभा में अनुमोदन लिए सरपंचों को एजेंसी बनाकर कार्य कराया गया। उन्होंने सभी पंचायतों में लगाए गए सोलर सिस्टम की तकनीकी जांच, मूल्यांकन और माप पुस्तिका की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मांडले से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

### हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट सितंबर तक देना होगा जवाब

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार सोलर लाइट घोटाले को लेकर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है और सितंबर 2025 तक विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। मामला तूल पकड़ चुका है और शासन-प्रशासन की जवाबदेही तय की जा रही है।

# मानदेय बढ़ाने रसोइया संघ ने किया आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ स्कूल मध्याह्न भोजन रसोईयां संघ लगातार तीन दिनों तक शहर के नया बस स्टैण्ड में धरना प्रदर्शन के बाद अंतिम दिवस रैली निकालकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें पोस्टर बैनर लेकर रसोइयां संघ के सदस्यों द्वारा अपनी मांगों को पूरा करने का नारा लगाते हुए शहर भ्रमण करते दिखे।

संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन रसोइयां संघ जिला बालोद को 2023 विधानसभा चुनाव में जन घोषणा पत्र में सरकार बनने के बाद 100 दिन के अंदर रसोइयों को मानदेय में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने का उल्लेख किया गया था। मगर सरकार द्वारा 17 माह होने के बाद भी आज तक संघ के मानदेय में किसी प्रकार से विचार नहीं किया गया है।

■ मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन रसोइयां संघ ने मांग की है कि रसोइयों को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए। बच्चों की दर्ज संख्या कम होने पर रसोइयों को कार्य से ना निकाला जाए। अंशकालीन को पूर्णकालीन किया जाए। वहीं वर्तमान में आगे मांगें पूरी न होने पर




संघ द्वारा बैठक आयोजित कर निर्णय लेने की बात कही गई। बता दें कि संघ द्वारा कई बार ज्ञापन देने के बाद भी सिर्फ आश्वासन मिलने व अपनी मांग पूरी नहीं होते देख मध्यान भोजन रसोइयां संघ द्वारा पिछले तीन दिनों से अपनी मांगों को लेकर संघ के पदाधिकारी व सदस्य शहर के नए बस स्टैण्ड में टेंट में बैठ अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते दिख रहे थे। इसके अंतिम दिवस शहर के नया बस स्टैण्ड से रैली निकालकर नगर के विभिन्न चौक चौराहों से भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने कहा कि उनके द्वारा लगातार अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने व अधिकारियों-कर्मचारियों से मिलकर लगातार अपनी प्रमुख ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पूर्व अतिथि प्राध्यापक ने की आत्महत्या, कारण बना रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर के वार्ड 1 स्थित बीएसपी क्वार्टर नं. - 7, आईवीडी टाइप में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 43 वर्षीय अर्पिता चतुर्वेदी, जो पूर्व में बालोद महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी की अतिथि प्राध्यापक थीं, ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में उन्हें पुनः अतिथि प्राध्यापक के रूप में नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ था। वहीं, मृतका के पति दल्लीराजहरा माइंस में उच्च अधिकारी के पद पर



कार्यरत थे और वर्तमान में नंदिनी माइंस में डीजीएम के रूप में पदस्थ हैं। घटना की जानकारी तब सामने आई जब महिला द्वारा फोन नहीं उठाने पर पति ने चिंता व्यक्त करते हुए थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना राजहरा की टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर देखा तो महिला फंदे पर झूलती पाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। बुधवार को सुबह फॉरेंसिक टीम के साथ सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश साहू, पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। यह दुखद घटना पूरे क्षेत्र में शोक और स्तब्धता का माहौल बना गई है।




# वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में गुंडरदेही ब्लॉक के 11 बच्चों ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय भारोत्तोलन वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता अर्जुन्दा के पीएम श्री सेजस भारती विद्यालय में संपन्न हुई, जहां जिले के पांचों



ब्लॉक बालोद, डौंडी, लोहारा, गुरुर एवं गुण्डरदेही से अंडर 17 एवं अंडर 19 के बालक बालिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

इसमें संभाग स्तर के लिए सबसे ज्यादा 11 बच्चों का सलेक्शन गुण्डरदेही ब्लॉक के बच्चों ने बाजी मारी, जिसमें से अधिकांश बच्चे अर्जुन्दा में अभ्यास करते हैं। कार्यक्रम में स्कूल क्रीड़ा अधिकारी किशोर मेहरा, सभी ब्लॉक के बीएसओ एवं मुख्य अतिथि अर्जुन्दा नगर पंचायत प्रधान अध्यक्ष प्रणेश जैन सम्मिलित हुए। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों को अच्छे प्रदर्शन के लिए हर्ष व्यक्त किया।






## खबर संक्षेप



### नंदिनी आश्रम में किया गया प्रसादी वितरण

**दुर्ग।** संत आशाराम बापू द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल नंदिनी नगर की बहनों द्वारा सावन माह के तीसरे सोमवार पर शिवधाम कोड़िया में शिव भक्तों को प्रसादी, तुलसी पौधा एवं सुप्रचार साहित्य वितरण किया गया।

### महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन

**दुर्ग।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं के साथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राओं को कारगिल युद्ध से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान से छात्र छात्राएं अवगत हुए।

## पेज 11 का शेष

### मानदेय बढ़ाने ...

मांग उठाने के बाद भी मांग पूरा न होता देख उनके द्वारा अपनी प्रमुख तीन मांगों को लेकर नया बस स्टैण्ड बालोद में हड़ताल प्रारंभ की गई थी, ताकि उनकी बात शासन प्रशासन तक किसी भी माध्यम से पहुंच सके और उनकी मांग पूरी हो सके। इस दौरान ज्ञापन सौंपने जिला अध्यक्ष नुकेश सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, जिला सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख, जिला संरक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला कोशाध्यक्ष उल्फी यादव, मिडिया प्रभारी मंजूलता कुंभकार, सुलोचना निषाद, जिला सह प्रभारी तामेश्वर सोनभद्र, जिला सह सचिव तामेश्वर निर्मलकर, मलखम रावटे, धन्नू लाल कश्यप उपस्थित थे।

# सीमित संसाधनों के बावजूद छात्राएं सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ रहीं:रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन नव-प्रवेशित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव ने नव-प्रवेशित छात्राओं का सम्मान तिलक लगाकर किया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि यह महाविद्यालय इस जिले का एकमात्र प्रतिष्ठित कन्या महाविद्यालय है, लेकिन इसके अनुरूप संसाधन नहीं है। सीमित संसाधन के बावजूद भी छात्राएं निरंतर सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष प्रीति साहू ने छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रयास करते रहने शुभकामनाएं दी।

**कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन, शहर विधायक गजेंद्र यादव हुए शामिल**

### गुरु-शिष्य के बीच होता है शिक्षा का आदान-प्रदान-विधायक

विधायक ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं बेटियों के दीक्षारंभ संस्कार में उपस्थित हुआ हूं। महाविद्यालयों में गुरू शिष्य के मध्य शिक्षा का आदान-प्रदान, मनोयोग से प्रारंभ होता है। उसे दीक्षारंभ संस्कार के रूप में प्रारंभ किया गया है। उन्होंने छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की।



### कॉलेज में सुविधाओं की दी जानकारी

डॉ. सुषमा यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डॉ. अनिल जैन ने एण्टी रैगिंग, डॉ. अमिता सहगल ने छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा उत्सव, डॉ. ऋतु दुबे ने क्रीडा की गतिविधियों, डॉ. मंजूलता साव ने पुस्तकालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय की एम्बेसेडर छात्राओं तृप्ति साहू, वाणी, हेमलता, गोदावरी ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया। इस अवसर पर श्रीमती झरना वर्मा, दिनेश एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**राहत : शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट पर तीन फुट ऊपर पानी**

# दिनभर सावन की रिमझिम फुहार, आज से बदलेगा मौसम, बारिश से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**सिस्टम कमजोर, खंड वर्षा के हालात बनना शुरु**

सावन महीने में रिझझिम बारिश का नजारा ट्विनसिटी के लोगों ने इस बार देखा। सोमवार की रात बारिश शुरू हुई वह पूरे मंगलवार को दिनभर रूक-रूक कर होती रही।

मौसम विभाग के हिसाब से ऐसी स्थिति बुधवार को भी बनी रहेगी लेकिन राहत की बात यह है कि अब तेज बारिश नहीं होगी। इसलिए कि सिस्टम कमजोर हो गया है। खंड वर्षा के हालात भी बनना शुरू हो गए है। लगातार बारिश के बाद भी शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट केवल तीन फीट ऊपर चल रहा है। वह भी इसलिए कि शिवनाथ नदी में राजनांदगांव, मोहला के बैराजों से 6 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।





### 31 से खुल जाएगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक 31 जुलाई से बादल छट जाएंगे और मौसम खुल जाएगा। इसलिए कि अब सिस्टम कमजोर होने लगा है। आने वाले दिनों में भी बारिश होगी लेकिन वह अलग-अलग क्षेत्रों में बनी रहेगी। झमाझम बारिश भी हो सकती है लेकिन कुछ ही देर के लिए। व्यापक मात्रा में वर्षा होने की स्थिति अब नहीं बन रही है। एक तरह से अगस्त महीने की शुरूआत होगी और इसे मानसून की बिदाई की ओर भी कह सकते हैं। पांच दिनों तक बारिश कहीं-कहीं क्षेत्रों में चलती रहेगी।

### जनजीवन पर भी असर

दो दिनों से हो रही हल्की बारिश का असर जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। लोग अपने घरों से जरूरी काम होने पर ही निकल रहे हैं। ट्विनसिटी का मार्केट भी सूना सा हो गया है। बाजार में खरीदारी कम हो गई है। दुकानदारों ने बताया कि जरूरी चीज ही लोग खरीदने आ रहे हैं।

### इस तरह है सिस्टम सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण बांग्लादेश तक गुजरात, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, झारखंड और उससे लगे उत्तरी छत्तीसगढ़, और गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, दिल्ली, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, सतना, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

# संभाग आयुक्त ने किया केन्द्रीय जेल का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

- सजायाफ्ता 1069 बंदी जिसमें 40 महिला

इस अवसर पर एसडीएम हरवंश सिंह मिरी और एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने जेल परिसर अंदर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए संचालित सिलाई केन्द्र, प्रिंटिंग प्रेस कक्ष, फोल्डर बाइंडिंग कक्ष, कारपेन्टर कक्ष, वेल्डिंग कक्ष, हैण्डलूम कक्ष का अवलोकन किया। जेल अधीक्षक मनीष शांभकर ने अवगत कराया कि जेल में आने वाले बंदी जो उक्त कार्यों में रूचि रखते है, उन्हें रोटेशन अनुसार कार्य करने का अवसर दिया जाता है। बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को जेल प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यालयों में मांग के अनुसार आपूर्ति की जाती है। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने निरीक्षण के दौरान परिसर स्थित जेल अस्पताल का भी अवलोकन किया और भर्ती मरीजों के बीमारी एवं उपचार आदि के संबंध में जानकारी ली।

### जेल की व्यवस्थाओं से हुए रु-ब-रु

बंदियों द्वारा संचालित कम्प्यूटर कक्ष तथा जेल परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, कार्यालय जेल अधीक्षक व नियंत्रण कक्ष का अवलोकन कर जेल में बंदियों की निगरानी की जानकारी ली। संभाग आयुक्त ने सामान्य बंदी बैरक का भी अवलोकन किया और बंदियों से पेयजल एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में रू-ब-रू चर्चा कर जानकारी ली। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय जेल दुर्ग में विभिन्न सजा याफ्ता 1069 बंदी है। जिसमें 40 महिला बंदी भी शामिल है।

### मुरमुन्दा में कलस्टर स्तरीय विशेष शिविर आज

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, विषयों के निराकरण की जानकारी के लिए ग्राम मुरमुन्दा में 30 जुलाई को क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित सुनिश्चित करने कहा गया है।

# तहसीलदार व नायब तहसीलदार हड़ताल पर, कार्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छ.ग. कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनरतले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन के तहत संसाधन नहीं तो काम नही सहित 17 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन दुर्ग संभाग के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार दुर्ग के जिला पंचायत कार्यालय के सामने जुटे। उन्होने धरना देकर अपनी मांगो पर आवाज बुलंद की। हड़ताल के पहले दिन जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार की नीतियों को लेकर विरोध जताया गया था। कल 30 जुलाई को तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपनी मांगो को लेकर प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। दुर्ग संभाग के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहने से तहसील कार्यालयों में कामकाज भी प्रभावित हुए। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- आज प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन




### तहसीलदार अड़े मांगों को लेकर, आज भी प्रदर्शन

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मांगो में सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने, ग्रेड पे में शीघ्र सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन से बहाली, न्यायालयीन प्रकरणों में आदेंशों का पालन,न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं, न्यायालय में उपस्थिति हेतु व्यवस्था,मानदेय भुगतान एवं नियुक्ति, प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति, एसएलआर और एएसएलआर की बहाली, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता, सुरक्षाकर्मी की तैनाती, सड़क दुर्घटना में आर्थिक सहायता राशि 25 हजार तत्काल भुगतान, संघ को मान्यता दी जाए, विशेषज्ञ कमेटी का गठन शामिल है। हड़ताल में दुर्ग संभाग से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कई दिनों से बंद पड़ी है इंदिरा मार्केट ट्यूबलर पोल की लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शहर के मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड से लेकर शिवम मॉल तक लगाए गए ट्यूबलर पोल जिसमें मध्यानी ऑटो के सामने से लेकर होटल शीला तक 7 पोल की लाइट कई दिनों से बंद पड़ी है। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी ने उक्त मार्ग पर बंद पड़ी हुई कई लाइटों को बदलने तथा ज्यादा वाट की लाइट लगाने की मांग महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार से की है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त मार्ग पर अभी विगत 3 माह पहले ही लगी ट्यूबलर पोल की कई लाइटें बंद पड़ी हुई है जिससे यहां पर अंधेरा व्याप्त रहता है। मार्ग में मवेशी भी बैठे रहते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मांग करने वालों में मंच के दिनेश जैन, रमन सिंह, गुलाब चौहान, ललित वर्मा, युनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, अनिल शर्मा, बाबू भाई, गुरमीत सिंग भाटिया, मोहन सिन्हा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर भ्रमण की शुरुआत की। निरीक्षण में उनिगम के विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद थे।

- सरस्वती नगर व गणपति विहार में आवास का निरीक्षण

आयुक्त श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) के अंतर्गत सरस्वती नगर और गणपति विहार में निर्मित आवासीय साइट का निरीक्षण किया।

इस दौरान परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और सिटी लेवल टेक्निकल सेल की टीम भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने



निर्माण कार्यों में हो रही देरी और अपूर्ण कार्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अधूरे कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा कर परियोजना को समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। आयुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किए जाने हैं, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने निर्देश दिया कि साइट पर नियमित निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर नजर रखी जाए तथा निर्माण कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र ही आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

**कलेक्टर ने की समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा, दिए निर्देश**

# पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का कराएं भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिये।

- विभागों में कंडम गाड़ी को अपलेखन कराने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को 400 केव्ही डबल सर्किट पावरग्रिड रायपुर पुल धमतरी संचरण लाइन निर्माण कार्य अंतर्गत टावर स्थापना व तार के नीचे प्रभावित भूमि का मुआवजा भुगतान कराने और अद्यतन भुगतान राशि की जानकारी देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित अनुभाग अंतर्गत आरबीसी 6.4 के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आर्थिक सहायता राशि के प्रकरण लंबित न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचन के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के दौरान प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण कर अवगत कराएं। बैठक में सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, एडीएम विरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी एवं सिल्ली थॉमस आदि मौजूद थे।

### विभाग में कंडम वाहन न रहे शेष

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप 15 वर्ष से अधिक चली शासकीय वाहनों का अपलेखन किया जाना है। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों में अभी भी अपलेखन होने से 12 लंबित वाहनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से अपलेखन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभाग में अपलेखन हेतु कंडम वाहन शेष न रहे। उन्होंने समीक्षा के दौरान एसडीएम एवं जनपद सीईओ को संबंधित क्षेत्र में कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का परीक्षण करा लेने के निर्देश दिये।



### रामलला दर्शन तीर्थयात्रा के लिए तैयारियां करें पूरी

कलेक्टर श्री सिंह ने राशन कार्ड केवायसी के संबंध में कहा कि ऐसे राशन कार्ड जिनका केवायसी नहीं हुआ है सत्यापन कराएं और शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, हितग्राहियों का आधार सीडिंग कराये। साथ ही फिंगरप्रिंट के कारण लंबित हितग्राहियों की जानकारी शासन को प्रेषित की जाए। कलेक्टर ने आगामी माह प्रस्तावित संभाग से रामलला दर्शन तीर्थयात्रा हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी, अधिकारियों को सौंपे दायित्व

बैठक में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के लिए अधिकारियों को कार्यभार दायित्व सौंपे गये। राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम आयोजन के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही अधिकारियों को विभागीय कार्य गतिविधियों की रूपरेखा शीघ्र कलेक्टोरेट में जमा कराने कहा गया। सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने 30 जुलाई को मुरमुंदा में आयोजित विशेष शिविर में सभी अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# वार्ड 57 एवं 58 में समस्या समाधान शिविर 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 के आईएचएसडीपी के हॉल मे शासकीय योजनाओं के कियान्वयन एवं कामकाज में पारदर्शिता के लिए एक दिवसीय जनसमस्या एवं सामाधान शिविर का आयोजन 31 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 2.30 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य के लिए महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निर्देश जारी कर इस कार्य के क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त मोहेंद्र साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर का नागरिक लाभ ले सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग से संबधित राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, आईएचएसडीपी और लाइसेंस विभाग, बाजार विभाग, पीएमएवाय आवास, भवन शाखा, जल विभाग, विद्युत विभाग एवं एनयूएलएम, आयुष्मान, पीएम स्वनिधि के लिए वार्ड के नागरिक आवेदन लेकर शिविर में समस्या से संबंधित समाधान करवा सकते है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जायेगा और यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विद्युत विभाग को शिविर स्थल में माइक, पंखा व लाइट आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

- नागरिक समस्याओं का करवा सकते हैं समाधान

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा की अंतिम तिथि आज

**बालोद।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2025–26 के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत धान सिंचित एवं धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, अरहर, उड़द, मूंग, कोदो, गुटकी, रागी फसलों को अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिसूचित फसलों का फसल बीमा ऋणी किसान अपने संबंधित समिति या बैंकों में जाकर करा सकते हैं। अऋणी किसान अपने नजदीक लोक सेवा केन्द्र, बैंक तथा अपने मोबाइल द्वारा क्रॉप इंश्योरेंस एप्प के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी कृषि अधिकारी, राजस्व अधिकारी, बैंक, सीएससी एवं एचडीएफसी क्षेत्रीय, जिला एवं विकासखण्ड कार्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपना आधार कार्ड मौसम खरीफ वर्ष 2025 के लिए बैंक में अपडेट कराने की अपील की है। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए भारत सरकार की टोल फ्री नंबर 14447 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### पीएम आवास बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) किफायती आवास के ''मोर मकान मोर आस'' एवं ''मोर मकान मोर चिन्हारी'' घटक के अंतर्गत किरायेदारी के रूप में निवास कर रहे परिवारों को योजना के तहत आवास आबंटन किया गया है। आबंटित आवास को 30 वर्षीय पटटे पर प्रावधिक रूप से एवं स्वयं के आवासीय उपयोग हेतु ही आबंटन किया जाता है । आबंटितों को आवास विक्रय करने अथवा पटटे, किराये, दान में देने अथवा अन्य किसी भी स्थिति में अन्य का अधिकार नहीं होगा। आबंटित आवास को स्वयं के निवास हेतु उपयोग करें यदि हितग्राही द्वारा किसी कारणवश आबंटित आवास छोड़कर जाने की स्थिति में अथवा अन्यत्र निवास स्थापित करने पर आबंटन स्वमेव रद्द हो जायेगा।

## तैयारी

### स्वतंत्रता दिवस मनाने अधिकारी-कर्मचारियों को मिली जिम्मेदारी

# संयुक्त जिला कार्यालय में सुबह 8 बजे होगा ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने कलेक्टर ने जिले के अधिकारी–कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा जिले के सभी कार्यालय प्रमुख अपने–अपने कार्यालयों में सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे एवं ध्वजारोहण के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा। संयुक्त जिला कार्यालय में सुबह 8 बजे कलेक्टर मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी स्व. सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में मुख्य कार्यक्रम स्थल में अपनी उपस्थिति देंगे। स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहरण किया जाएगा।

जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को शासन के निर्देशानुसार अपने–अपने अनुविभाग, तहसील एवं जनपद पंचायतों में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण कार्यकम के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद को बनाया गया है। जारी किए गए निर्देश के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, शहीद परिवारों एवं आमंत्रित लोगों को निर्धारित स्थानों में बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार बालोद को दी गई है। इसी तरह परेड सलामी व्यवस्था, कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक बालोद को दी गई है। कार्यक्रम में ध्वजारोहण की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र बालोद को दी गई है। संपूर्ण सरयू प्रसाद स्टेडियम की साफ–सफाई, टेंकर की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को दी गई है। समारोह स्थल पर आमंत्रित लोगों की बैठक, मंच निर्माण व्यवस्था, वीआईपी बैठक, वाटर प्रूफ शामियाना बैरिकेटिंग, परेड मैदान में अतिथि एवं गणमान्य नागरिक, प्रेस, स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवार के लिए अलग–अलग सेक्टर निर्माण की व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंताओं को दी गई है। स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवार को ससम्मान कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं पहुँचाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग को दी गई है।

इसी तरह बैरिकेटिंग हेतु बांस बल्ली की आपूर्ति की जिम्मेदारी वनमण्डलाधिकारी बालोद तथा मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट हेतु फूलमाला एवं गुलदस्ता की व्यवस्था की जिम्मेदारी सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग को दी गई है। कार्यक्रम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, माईक, सांउड सिस्टम, ध्वनि विस्तारक यंत्रें की व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग(विद्युत यांत्रिकी) को दी गई है।

इसी तरह आमंत्रण कार्ड छपाई की जिम्मेदारी सचिव —षि उपज मण्डी बालोद एवं प्रशस्ति पत्र की छपाई की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई है। आमंत्रण कार्ड वितरण की जिम्मेदारी जिला सत्कार अधिकारी बालोद एवं कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालोद को दी गई है। मीडिया, प्रेस को आमंत्रण कार्ड वितरण एवं समारोह में बिठाने की व्यवस्था, मुख्यमंत्री के संदेश को राज्य से प्राप्त कर मुख्य अतिथि को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सहायक संचालक जनसपर्क विभाग को दी गई है। कार्यक्रम में गुब्बारों की व्यवस्था की जिम्मेदारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं 02 सफेद कबूतर की व्यवस्था की जिम्मेदारी उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को दी गई है। समस्त कार्यक्रम हेतु मंच संचालन, विडियोग्राफी की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी को दी गई है। वीआईपी एवं विशिष्ट अतिथियों हेतु पेयजल जलपान की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला खाद्य अधिकारी तथा कार्यक्रम स्थल पर भृत्यों की पर्याप्त व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई है।

#### रिहर्सल की तैयारी में जुटे

कार्यक्रम स्थल में रंगोली बनाने की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा 13 अगस्त से सरयू प्रसाद स्टेडियम में परेड रिहर्सल की तैयारी हेतु चिकित्सा व्यवस्था, पानी टेंकर व साफ–सफाई की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई है। इसी तरह कार्यक्रम स्थल में फायर ब्रिगेड की जिम्मेदारी जिला सेनानी, होम गार्ड को दी गई है। कार्यक्रम स्थल में स्वागत द्वार की व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को दी गई है। समारोह स्थल में मुख्य मंच पर फ्लैक्स एवं स्वागत गेट फ्लैक्स आदि की व्यवस्था सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई है। कार्यक्रम संचालन हेतु उद्घोषक की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई है।

## शिव महापुराण कथा में शामिल हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव और लिया आशीर्वाद



**बालोद।** जिले के प्रवास पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने जिला मुख्यालय के माहेश्वरी भवन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के पुत्र कथा वाचक पं. राघव मिश्रा से मुलाकात की तथा आर्शीवाद लिया। इस दौरान कथा सुनने आए लोगों के साथ कई भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व पं. राघव मिश्रा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने यादगार तस्वीरे ली। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व बाल स्त्रक्षण आयोग के सदस्य, यशवन्त जैन, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पूर्व जिला अध्यक्षों में पवन साहू, कृष्णकांत पौर, जिला महामंत्री राकेश छोटू बद्, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, शहर मंत्री प्रेम साहू मीडिया प्रभारी कमल पम्पलिया, विभिन्न वार्डों के पार्षद, एवं युवा मोचां अल्पसंख्यक सोचो जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की



**बालोद/सिकोसा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल(जोन)–सेक्टर कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन अभियान चलाया जा रहा है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुंडरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू ने बताया कि जिला प्रभारी अरुण वोरा के मार्गदर्शन में एवं ब्लाक प्रभारी केदार देवांगन के निगरानी में सभी मंडल स्तर पर बैठक कर सर्वसम्मति से सिकोसा मंडल में रूपचंद जैन, ओटेबन्द मंडल में अध्यक्ष मानसिंग देशलहरा, भांठागांव(आर)मंडल में सलीम खान एवं कलंगपुर मंडल में तरुण साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर गुंडरदेही के विधायक कुंवरसिंह निषाद, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित गुण्डरदेही ब्लाक के समस्त कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## चिल्लर संकट से व्यापारी परेशानः व्यापार हित में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई दल्लीराजहरा के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र में चिल्लर सिक्कों की हो रही किल्लत को व्यापारियों और आम नागरिकों की बड़ी समस्या बताया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दल्लीराजहरा शहर में व्यापारियों एवं नागरिकों को रु 5, रु 10, रु 2 व रु 1 के चिल्लर सिक्कों की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि फुटकर उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिल्लर की कमी के चलते कई दुकानदार ग्राहकों को खुले पैसे नहीं लौटा पा रहे हैं, जिससे रोजमर्रा की खरीददारी में असुविधा बढ़ रही है। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान हेतु चेंबर अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा जैसी प्रमुख बैंकों से संपर्क कर मांग की है कि नगरीय क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में चिल्लर सिक्के उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने बैंक प्रबंधन से अपील की है कि विशेष व्यवस्था कर व्यापारियों एवं ग्राहकों को राहत दी जाए। इस दौरान चेंबर के पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे जिनमें मंत्री क्रांति जैन, प्रमुख सदस्य राज कुमार सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, महासचिव भूपेंद्र ईश्वरलाल, कोषाध्यक्ष क्रांति जैन, राजेश पटेल, शेखर गुप्ता, नवदीप गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भोजली महोत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम 9 जुलाई को आयोजित



**गुरूर।** गोण्डी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति द्वारा ग्राम भूलनडबरी के महाकाल ठाना मे भोजली महोत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे बालोद, धमतरी, कांकेर, दुर्ग के सदस्य व पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक मे निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय भोजली महोत्सव एवं विश्व आदिवासी मूल निवासी दिवस कार्यक्रम 9 जुलाई के आयोन बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बूढ़ादेव तालाब के सामने रायपुर छत्तीसगढ़ मे किए जाने के संबंध मे विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही वार्शिक कार्य योजना मे चर्चा की गई। करमडार महापूजा एवं करमा नृत्य महोत्सव छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश 3 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमे स्वजातीय उपस्थित रहेंगे।

बैठक मे गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति रायपुर के प्रदेश संरक्षक सिया मंडावी, प्रदेश संयोजक लच्छन मरकाम, अध्यक्ष चन्द्रभान नेताम, प्रदेश सचिव प्रीतम छैदेहा, प्रदेश कोशाध्यक्ष गौकरण कुजाम, सोनऊ धुरवे, बालोद जिला अध्यक्ष ओबेन्द्र पादाम, ठगेश्वर करियाम, जिला दुर्ग पंचू नेताम, जिला धमतरी हीरालाल मंडावी, राजकुमार मरकाम, जिला कांकेर धनीराम कुंजाम एवं चारो जिले के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस और गणमान्य नागरिकों ने किया पौधारोपण



**डौंडीलोहारा।** शासन की महती योजना एक पेड़ मां के नाम को चरितार्थ करते हुए, शा बालक उच्चतर माध्य विद्यालय डौडीलोहारा की रेड क्रॉस टीम ने 20 पौधो का रोपण किया और साथ ही साथ उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली। एक पेड़ मां के नाम में एसएमडीसी के अध्यक्ष लीलेंद्र सिंहा, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने अपने सुपुत्र सौरभ शर्मा के साथ विद्यालय के प्रांगण में अशोक, नीम, बेल, आंवला, आम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर एनुका शार्वा ने अपनी सुपुत्रियों अधिरा ,अद्रिजा के साथ अपनी माता स्व. श्रीमती हेम शार्वा की स्मृति में पौधारोपण किया और ट्री गार्ड प्रदान की ताकि उसकी सुरक्षा किया जा सके और लोगों को संदेश दिया कि पौधे लगाने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारा नैतिक कर्तव्य है। निधि यादव द्वारा 15 पेड़ो के लिए ट्री गार्ड प्रदान किया गया।इस अवसर पर एल के ठाकुर, प्रदीप मेश्राम, डी आर साहू,आर एस देशमुख, वी एस भंडारी,लवण कुमार साहू, डुप्ले साहू, आर एन योगी,हेमंत साहू,कपिल कुमार सहित सभी शिक्षकों ने पौधारोपण किया।

## निधन

### रम्हन कुमार साहू



**बालोद।** ग्राम सुर्रा-तमोरा निवासी रम्हन कुमार साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्वती साहू के बेटे, महेश्वरी साहू के पति, उदला–उर्मिला भाई बहु, युवराज, परमेश्वर, अभिनंदन, नागेश्वर के पिता थे।

### सुखबती ठाकुर



**बालोद।** ग्राम पाररास निवासी सुखबती ठाकुर 78 वर्ष का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे कचरू राम ठाकुर की पत्नी थी तथा गांधी ठाकुर, मुख्य स्टेशन मास्टर तिलोक ठाकुर की मां थी।

## इस वर्ष अब तक 78 प्रतिशत हुई वर्षा



**बालोद।** उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में अब तक 568.20 मिमी वर्षा हुई है, जो गतवर्ष की तुलना में 722.90 मिमी से 78 प्रतिशत है। खरीफ वर्ष 2025 में क्षेत्रच्छादन का 1,80,215 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित है। जिसके विरुद्ध अब तक 1,71,966 हेक्टेयर में बोनी की जा चुकी है, जिसमें धान बोता 1,44,300 हेक्टेयर, रोपा 26,295 हेक्टेयर सहित कुल धान 1,70, 595 हेक्टेयर, मक्का 50 हेक्टेयर, कोदो 196 हेक्टेयर, अरहर 129 हेक्टेयर , उड़द 117 हेक्टेयर, मूंग 36 हेक्टेयर, कुल्थी 10 हेक्टेयर, तिल 41 हेक्टेयर तथा सब्जी 767 हेक्टेयर सहित कुल 1,71,966 हेक्टेयर में बोनी पूर्ण हो चुकी है, जो लक्ष्य से 95 प्रतिशत है।

**अब तक धान बीज 52,957 क्विंटल वितरणः** उन्होंने बताया कि जुलाई माह में अच्छी बारिश होने से खरीफ फसलों की स्थिति अच्छी पाई गई है। जिले में खरीफ बीज वितरण हेतु कुल 56,929 क्विंटल लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध धान 59,344 क्विंटल भण्डारण किया गया है। अब तक धान बीज का 52,957 क्विंटल वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले में कोदो बीज 60.16 क्विंटल, अरहर 166.44 क्विंटल, उड़द 10.88 क्विंटल, 04 क्विंटल, कुल दलहन बीज 53.158 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है, जो लक्ष्य 56,929 क्विंटल के विरूद्ध वितरण 93 प्रतिशत है।

### जिले में 38,761 मेट्रिक टन खाद का भंडारण

खरीफ मौसम में किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। जिले के सहकारी समितियों में यूरिया 14,772 मेट्रिक टन, डी.ए.पी. 4,795 मेट्रिक टन, एम.ओ.पी. 4,217 मेट्रिक टन, एस.एस.पी. 8,614 मेट्रिक टन एवं एन.पी.के. 6,365 मेट्रिक टन कुल 38,761 मेट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण कराया जाकर अद्यतन 35,505 मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है, जो भण्डारण के विरुद्ध वितरण 91 प्रतिशत है। कृषकों द्वारा डी.ए.पी. की मांग को ध्यान मे रखते हुए डी.ए.पी. के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एस.एस.पी., एन.पी.के. (12:32:16, 20:20:0:13, 28:28:0, 16:16:16 एवं अन्य) के माध्यम से पूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीज एवं उर्वरक के नमूने अधिसूचित परीक्षण प्रयोगशाला को परीक्षण हेतु प्रेषित किया जा रहा है। परीक्षण परिणाम अमानक पाए जाने पर नियमानुसार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

## मधुर साहित्य परिषद का 24 वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

**डौंडीलोहारा।** मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद ने अपना 24 वां स्थापना दिवस समारोह 28 जुलाई को कवियत्री हर्षा देवांगन के निज निवास राजापारा डौंडी लोहारा में बड़े शालीनता पूर्वक मनाया जिसमें साहित्यिक संगोष्ठी एवं काव्यपाठ किये गये। सर्वप्रथम समारोह में उपस्थित साहित्यकारों द्वारा साहित्य की अधिष्ठात्री देवी मां शारदे की पूजा अर्चना दीप माला एवं श्रीफल भेट कर मधुर साहित्य लेखन की कामना की गई। सभी साहित्यकारों का चंदन मस्तकाभिषेक कर स्वागत किया गया ।तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एवं परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अशोक आकाश द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में मधुर साहित्य परिषद के गठन का उद्देश्य एवं साहित्यिक गतिविधियों व उपलब्धियों को बताते हुए बीते 23 वर्ष की साहित्यिक यात्रा का बखान किये। अंत में उन्होने परिषद के सभी साहित्यकारों को निरंतर सक्रियता के साथ गद्य एवं पद्य साहित्य लेखन करने की अपील की, क्योंकि सतत साहित्य लेखन से ही रचनाओं में कुंदन की तरह निखार आती है। आगे उन्होंने पिता पर लिखी अपनी श्रेष्ठ रचना सुनाई।

## फार्म हाउस में चोरी : केबल, सोलर पंप और स्प्रिंकलर समेत 30 हजार का सामान पार



**बालोद।** जिले के सुरेगांव ग्राम में एक युवक के फार्म हाउस से अज्ञात चोरों द्वारा करीब 30 हजार मूल्य के बिजली और कृषि उपकरण चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। युवक द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, सुरेगांव निवासी सोमवार सुबह नहाने के लिए केंवटनवागांव रोड स्थित अपने फार्म हाउस पहुंचा। जब उसने मोटर चालू करने की कोशिश की, तो मोटर चालू नहीं हुई। संदेह होने पर जब उसने चारों ओर जांच की, तो पता चला कि फार्म हाउस का ताला टूटा हुआ है और कई कीमती सामान गायब हैं। चोरी गए सामानों में चेप कटर केबल – 30 मीटर, अतिरिक्त उपयोग हेतु केबल – 70 मीटर, सोलर पंप के केबल – 40 मीटर, सोलर कनेक्शन के केबल – 40 मीटर, पंप के केबल – 25 मीटर, ड्रिप सिस्टम में लगा गेट वॉल – 1 नग, स्प्रिंकलर की चिड़िया – 15 नग कुल अनुमानित मूल्य 30 हजार की चोरी होना पाया। युवक ने चोरी के बाद आस-पास के इलाकों में पता लगाने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उसने थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फार्म हाउस की दूरी और सुनसान स्थान का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। फार्म हाउस में सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के कारण चोरों को अंदर घुसने और उपकरण ले जाने में आसानी हुई।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
MSc Physics & Chemistry Computer Science
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DElEd
BSc BEd
Anda, Durg
☏ : 9575037637, 6265377477

## दीक्षारंभ समारोह में छात्रों को दी नैतिकता की जानकारी

# छात्र करें कौशल, नवाचार, नेतृत्व एवं नैतिकता का पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी चंद्राकर, अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्वनी यादव, सदस्य सूरज यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें कौशल, नवाचार, नेतृत्व एवं नैतिकता का सूत्र प्रस्तुत किया तथा जीवन में इन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

जनभागीदारी अध्यक्ष अश्वनी यादव ने गुरु शिष्य संबंध, औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षा एवं दीक्षा के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को प्रतिदिन महाविद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात प्रमोद जैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को महत्व देने के लिए छात्र–छात्राओं का उत्साह बढ़ाया एवं सामर्थ्य अनुसार महाविद्यालय को अधिकतम सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि चेमन देशमुख द्वारा सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में एक विद्यारंभ संस्कार के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया। देश के निर्माण में पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होलकर और स्वामी विवेकानंद, राजगुरु, भगत सिंह जैसे महापुरुषों का उदाहरण देते हुए छात्र–छात्राओं को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। अंत में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु छात्रों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि तारणी चंद्राकर ने नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम के दूसरी कड़ी में नीप नोडल अधिकारी आरपी.निषाद एवं सहायक नोडल अधिकारी शिखा श्रीवास्तव ने पीपीटी के माध्यम से नीप–2020 के क्रेडिट सिस्टम एवं अन्य की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें वीएसी एवं जीई का चयन करने हेतु उनका मार्गदर्शन किया।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप



### पंचायत थनौद सम्मान समारोह आयोजित

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत थनौद में नागपंचमी के शुभ अवसर पर सर्प मित्र पप्पू देशमुख का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच ग्राम पंचायत थनौद मेनका दिनेश देशमुख उपसरपंच श्री मनीष धृतलहरे गिरधर कुंभकार लुकेश चक्रधारी शैलेश देशमुख मजीद मोहम्मद भीष्म देशमुख द्वारा शाल श्री फल से किया गया। इस अवसर पर सरपंच मेनका दिनेश देशमुख ने कहा कि गांव में जो अच्छे कार्य करेगा उसका सम्मान पंचायत द्वारा किया जायेगा।

### तुलसी जयंती व विदाई समारोह का आयोजन आज

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरथुली मे तुलसी जयंती समारोह व बिदाई समारोह का आयोजन 31 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर खरथुली के प्रांगण बाजार चौक मे किया जाएगा। जिसमे तुलसी जयंती के साथ प्रभारी प्राचार्य प्रेमहसिंह रात्रे को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी जाएगी। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रेमसिंह रात्रे होंगे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति खरथुली करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पांयत खरथुली हरखराम खरे होंगे। अतिविशिष्ट पटेल खरथुली रामदयाल बंजारे उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर गोस्वामी तुलसी दास की जीवनी पर जनजागृति महिला मानस मंडली के द्वारा मानस गाय का आयोजन किया जाएगा।

### शाला प्रांगण में नाग पंचमी का उत्सव कार्यक्रम हुआ




**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा के प्रांगण में सम्मिलित रूप से नाग पंचमी का उत्सव एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ नाग पंचमी के उत्सव के महत्व को पर्यावरण से जोड़ते हुए कार्यक्रम का संचालन श्री राकेश साहू जी द्वारा किया गया कार्यक्रम का आरंभ नाग देवता के चित्र के पूजन अर्चन से किया गया सभी शिक्षकों द्वारा देवता को पुष्प दुग्ध जल से अभिषेक करके धूप दीप अर्पित किया गया नाग देवता के चरणों में प्रणाम करते हुए भोग स्वरूप श्री फल एवं मीठा का अर्पण हुआ हवन पश्चात आरती के संपन्न होते हैं। नाग देवता की जय की ध्वनि से शाला प्रांगण गूंज उठा इस पावन दिन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा के पूर्व छात्र करन यादव जिसका चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। जिनके जन्मदिन का अवसर होने के कारण शाला परिवार की ओर से बच्चे को जन्मदिन की बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया गया। करन के जन्मदिन के अवसर पर पिता शत्रुघ्न यादव एवं माता अनुसुइया यादव द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों को आंशिक न्योता भोजन के रूप में केला और बिस्किट परोसा गया । इस अवसर पर प्रधान पाठक द्वय लीना देवांगन एवं धनेश्वरी साहू सहित महेंद्र कुमार साहू, हीरालाल साहू, राकेश कुमार साहू, दर्शेंद्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख एवं चंदूलाल ठाकुर उपस्थित रहे।

# अखाड़े में नागपंचमी पर पारंपरिक पूजा और कुश्ती स्पर्धा का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद में नागपंचमी के अवसर पर नाग देवता एवं अखाड़े के अस्त्र शस्त्र की पूजा अर्चना की गई। अखाड़ा व्यायाम शाला के सह सचिव विजय पारख ने बताया कि व्यायाम शाला परिसर में अखाड़े से जुड़े बच्चों के बीच सीनियर, जूनियर वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई।

संस्था के अध्यक्ष रामेश्वर ढीमर ने बताया कि लगभग सौ वर्षों से अधिक पुराने इस संस्था में प्रारंभ से ही कुश्ती कबड्डी मलखंभ की शिक्षा यहां के गुरुजनों द्वारा निःशुल्क रूप से दी जा रही है। यहां के खिलाड़ी प्रतिवर्ष कुश्ती, कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रिय स्तर तक खेल के आ रहे हैं। व्यायाम शाला में स्थानीय शहर के अलावा आस पास के गांवों के बच्चे युवा विभिन्न खेलों का अभ्यास करने आते हैं। नाग पंचमी के अवसर पर जूनियर कुश्ती स्पर्धा में प्रथम स्थान पर नानू यादव, द्वितीय प्रांजल ढीमर, तृतीय स्थान पर मोनिश ढीमर विजेता रहे। इसी तरह सीनियर वर्ग से प्रथम लव यादव, द्वितीय रूपेन्द्र निषाद एवं तृतीय स्थान पर सुशील सिन्हा विजेता रहे।

इस कुश्ती प्रतियोगिता में लगभग 35 बच्चों ने भाग लिया। अपने बच्चों को मोबाइल और नशा खोरी से दूर रखने के लिए वे माता पिता परिवार जन धन्य हैं जो इन्हें अखाड़ा व्यायाम शाला भेजकर बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक बन रहे हैं। इस अवसर व्यायाम शाला के संरक्षक नेमीचंद नाग, आनंद ढीमर, अध्यक्ष रामेश्वर ढीमर, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव अंगद साहू, सह सचिव विजय पारख, कोषाध्यक्ष रवि पटेल, सदस्य द्वारिका सिन्हा, जागेश्वर साहू, गजेन्द्र ढीमर, टीकम ढीमर, चुनेश, दिग्विजय यादव, शुभम ढीमर, डेविड, बलवंत पूरी सहित अखाड़ा के सभी सदस्य पहलवान उपस्थित थे।



## चरित्र निर्माण व संस्कारित शिक्षा पर केंद्रित कार्यशाला का हुआ आयोजन

# संस्कारित शिक्षा से होता है चरित्र निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

समीपस्थ ग्राम भाठागांव आर के सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन एवं जिला ग्राम भारती बालोद के तत्वाधान में प्रधानाचार्य कार्य योजना एवं चिंतन बैठक की त्रिदिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रतन चक्रधर ने किया। कार्यशाला में 5 संकुल के 46 विद्यालय प्रमुख आचार्य दीदियां शामिल हुई।

प्रांत अध्यक्ष रतन चक्रधर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर भारतीय संस्—ति के अनुरूप बच्चो को संस्कार और शिक्षा देकर चरित्र निर्माण करते हुए होनहार देश भक्त नागरिक बनाने के लिए सतत प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि संस्कारित शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे ही समाज निर्माण राष्ट्र भक्ति के लिए भविष्य में खरे उतरेंगे। उदघाटन सत्र में मंचासिन पूर्व प्रांतीय सचिव सियाराम सार्वा, नरेंद्र साहू सचिव जिला ग्राम भारती जागेश्वर साहू अध्यक्ष, जयंत साहू, युगल किशोर साहू, संयोजक कुंती साहू ने अपने विचार व्यक्त किये।





### राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश विकास में निभाएगी महती भूमिका

समापन समारोह में सह प्रांत प्रमुख चिंताराम साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए कहां की जो अभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रारंभ हुआ। वह देश की विकास में अपूर्ण योगदान दे सकता है। इस कार्यक्रम में पांच संकुलो से 29 आचार्य 17 दीदी सहित कुल 46 आचार्य दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रांतीय संगीत प्रमुख पवन साहू, संकुल प्रमुख दुलार पटेल, चेमनलाल साहू, संतोष साहू, अशोक साहू, प्रधानाचार्य कौशल जांगड़े सहित सरस्वती शिशु मंदिर भाठागांव (आर) के समस्त स्टाफ, ग्राम पंचायत भाठागांव (आर) एवं समस्त ग्रामीणों का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक दीपक हिरवानी द्वारा किया।

### पंच भूत और छः आयाम पर हुआ व्याख्यान

चिंतन कार्यशाला के द्वितीय दिवस जिला समन्वय दीपक हिरवानी ने विद्यालय वित, संस्कार पक्ष, शैक्षिक पक्ष, पर विद्यालय की कार्य योजना बनाकर यदि किसी भी कार्य को पूर्ण किया जा सकता है। सरस्वती शिशु मंदिर की मुख्य आधार पांच आधारभूत विषय, छः आयाम हमारे विद्यालय एवं संस्थान द्वारा किए गए मार्गदर्शन विद्यालय विकास के प्रथम सीढ़ी हैं। संकुल प्रमुखों द्वारा विद्यालय की वृत्त, कथन प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की योजना प्रस्तुत किये। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य कौशल जांगड़े द्वारा विद्यालय विकास यात्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार कमल कीचड़ में खिलकर अपनी स्वच्छता बनाए रखता है। ठीक उसी प्रकार हमारा विद्यालय आर्थिक समस्याओं से जूझते हुए एवं समाज के सहयोग से विद्यालय का विकास हुआ है।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पहुंचे बालोद कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पाटी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव साय अपने दौरे के तहत कुछ घंटों के लिए जिला पहुंचे, जहां जिले के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी के गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला भाजपा के नेताओं द्वारा स्थानीय विश्राम गृह में उनका स्वागत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष के जिला मुख्यालय पहुंचने की जानकारी पर जिले के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता जिला मुख्यालय स्थित विश्राम गृह पहुंचकर उनसे भेंट किए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण देव साय ने वर्तमान में जिला स्तर पर घोषित पदाधिकारी व कार्यकारिणी के बारे में जानकारी ली तथा पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से पार्टी के कामों को जमीनी स्तर पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम प्रक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकताओं को अपना योगदान देने की भी बात कही। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षक आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर कमल पंपालिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महिलाओं का पुरुष के समान सहभागिता जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील साहू समाज के पदाधिकारी ने ग्रामों में बैठक लेकर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रत्येक परिवार के सदस्यो को एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु पौंधारोपण करने की प्रेरणा दे रहे हैं, साथ ही समाज में व्याप्त कुरीति जो विशेष कर महिलाओं के सम्मान से जुड़ा है, जिसे दूर करने, नशा पान कर लड़ाई झगड़ा करने वाले व्यक्ति के ऊपर समाजिक नियमो का पालन कराने, महिलाओं को पदाधिकारी का पद देकर पुरुषों के सामान संगठन संचालन में सहभागीय बनाने जैसे विषयों पर जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम जोरातराई के ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष नरेश साहू ने बताया कि उनके ग्राम में सामाजिक संगठन के द्वारा श्रद्धांजलि योजना बनाकर मृतक परिवार को तत्काल 2 हजार उपलब्ध कराया जाता है एवं किसी भी कन्या की शादी में उपहार योजना के तहत लगभग 35 सौ रुपए का उपहार भेट किए जाते हैं।

इसी प्रकार नव दंपति के विवाह पश्चात कर्मा जयंती में आमंत्रित कर अंग वस्त्र के साथ धार्मिक ग्रंथ दे कर सम्मान किया जाता है। समाज द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए पर्याप्त स्टील थाली, गिलास की व्यवस्था की गई है जो सामूहिक भोज में उपयोग किया जाता है तथा अन्य समाज को भी निःशुल्क प्रदान किया जाता है, जिससे ग्राम में लगभग प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग बंद हो गया है। इसी क्रम में डोंगीतराई, खुटेरी, भटगांव, खलारी, भेंडरा, मुंदेरा, साजा ग्रामों में संपर्क अभियान के तहत

## सम्मान समारोह का आयोजन तीन अगस्त को होगा

**डौण्डीलोहारा।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ केन्द्रीय महासभा बालोद के प्रचार मंत्री दयालूराम पिकेश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ केन्द्रीय महासभा के तत्वावधान में दिनांक 3 अगस्त 2025 दिन रविवार को ओपन एयर थियेटर दल्लीराजहरा में नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों,प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों, कृषक एवं उद्यमियों का सम्मान किया जाना है।सभी अपने अपने जिला,ब्लाक ,सर्किल ग्राम व क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर महासभा के स्थापना दिवस पर ब्लाकों से प्राप्त नामों की सूची है उन्हें सुचित कर अनिवार्य रूप उपस्थित करावें। दयालूराम पिकेश्वर प्रचार मंत्री ने अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष ब्लाक अध्यक्षगण सर्किल ग्राम प्रमुख से अपील कर जिनका नाम सम्मान करना है, उसे सम्मान समारोह ओपन एयर थियेटर दल्लीराजहरा के कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग प्रदान करने अपील किया है।

# सौरभ लुनिया भाजपा के जिला महामंत्री बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी ने बालोद जिला कार्यकारणी में लौहनगरी दल्लीराजहरा में भाजपा नेता सौरभ लुनिया को जिला महामंत्री बनाया गया। जिला महामंत्री के महत्वपूर्ण



पद पर भाजपा के युवा नेता सौरभ लूनिया की नियुक्ति पर पूरे, बालोद, गुरुर, लोहारा व दल्लीराजहरा वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा संगठन के इतिहास में पहली बार दल्लीराजहरा से जिला महामंत्री बनाया गया है। जिसका लाभ भारतीय जनता पाटएँ को आने वाले समय में मिलेगा। सौरभ लूनिया भाजपा में पिछले 25 सालों से निःस्वार्थ भाव से पार्टी के सेवा करते आ रहे है, सौरभ लुनिया की भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरी पैठ है। वे दल्लीराजहरा सहित लोहारा, बालोद, गुरुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़े होने वाले नेता के रूप में पहचाना जाता है।





### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू, पूर्व जिला मंत्री राजेश दसोडे, महेश पांडे, राजू कुकरेजा, मुस्ताक अहमद, रमेश गुज्जर, मेवालाल पटेल, श्याम जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, गीता मरकाम, नंदा पसीने, सुखवंतीनी ठाकुर, रमडी बाघ, समर्थ लखानी, मुकेश खस, विनय सिंग, ललित जैन, प्रमोद, बॉबी, दीपक शर्मा भारतीय जनता पाटएँ के पार्षद, कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपनी नियुक्ति को लेकर सौरभ लूनिया ने संगठन का माना आभार व्यक्त करते हुए कहा की प्रदेश नेतृत्व का अपने नेता डॉ रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा, भरत वर्मा, संभाग प्रभारी भूपेंदर सवन्नी, जिला प्रभारी मधुसूदन यादव, यशवंत जैन, राकेश यादव, वीरेंद्र साहू, पवन साहू विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं जिले के समस्त नेता भाजपा के समस्त मंडल अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया।

### अभूतपूर्व ऐतिहासिक स्वागत

भाजपा जिला महामंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौरभ लुनिया का अभूतपूर्व ऐतिहासिक स्वागत स्वागत किया। नगरपालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज दुबे के अगवाई मे भाजपा कार्यकर्ताओं सौरभ लुनिया को फूलमाला एवं गुलाल लगा नगर में मुख्य मार्गो से बाइक रैली निकल आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। निश्चित ही सौरभ लूनिया को भाजपा ने जिला महामंत्री बना कर दल्लीराजहरा का जिले की राजनीति में कद बढ़ा दिया है। आमजनमानस में लुनिया को जिले में संगठन की महत्वपूर्ण बड़ी जिम्मेदारी मिलने से नगर को विकास की राह में अग्रसर होने की संभावना को भी बल मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के सबसे करीबियों में सौरभ लूनिया का नाम आता है। सौरभ लूनिया के महामंत्री बनने के बाद से युवाओं, वरिष्ठों, महिलाओं, मजदूरों, छात्रें में खुशी की लहर व्याप्त है। लगातार बधाईयों का ताता जारी है।

## पंचायत मचांदुर में विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ

# खेल स्वस्थ जीवन की कुंजी: पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जय बजरंग दल स्पोर्ट्स क्लब, युग युवा युगांतर उत्कर्ष समिति और ग्राम पंचायत मचांदुर संयुक्त तत्वाधान में हरियर हरेली महोत्सव अंतर्गत कबड्डी, गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ आदि कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें सर्व ग्रामीण की सहभागिता रही साथ ही विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता में में कुल 38 टीम भाग लिये जिसमें प्रथम मतवारी, द्वितीय उतई, तृतीय मचांदुर व चतुर्थ सोढ़ की टीमों ने पुरुस्कार प्राप्त किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन की कुंजी है। नियमित रूप से खेल खेलना, भले ही वह कम मात्रा में ही क्यों न हो, अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। खेल आपके दिल और आपकी सभी मांसपेशियों को मजबूत बनाने का एक शानदार तरीका है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। ग्राम मचांदुर में लगातार इस तरह का आयोजन होता





रहेता है। यंहा के युवाओं का एक अच्छा पहल है इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में एक अलग पहचान बना हुआ है। आयोजन समिति ने कब्बडी मेट की मांग किया जिसे पूर्व मंत्री ने सहजता से स्वीकार किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रध्दा साहू, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर,जनपद सदस्य ढालेश साहू,सरपंच संघ अध्यक्ष ग्रामीण प्रधान युगल किशोर साहू,सचिव धारेन कुमार देवांगन,सरपंच संघ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे, सरपंच घुघसीडीह ललिता गोवर्धन बारले, सरपंच रिसामा रोशन लाल साहू, उपसरपंच दुष्यंत साहू, पंच असलम खान,गणपत साहू,महमूद खान, मंशाराम साहू, अशोक साहू, गोपाल साहू, मनोज गोस्वामी, लोकेश साहू,भारती यादव, शैल देवांगन, कौशिल्या साहू, चितेश्वरी साहू, गायत्री साहू, सीता निषाद, कलिंदरी देवांगन, उत्तरा गोस्वामी, आशा पटेल, दुरपत निषाद, गीता पटेल, लेखन साहू, पूर्णिमा साहू, सविता साहू, बिंदा साहू ,सीमा देवांगन, ग्रामीणजन सुखराम पटेल, मंतराम यादव, बलराम निर्मलकर,रोहित चंद्राकर, नंद कुमार गजपाल, रणमत साहू, अनिल कुमार साहू, कृष्णा साहू, डिलेश्वर निषाद,चाँद खान, निरंजन राजपूत, सौरभ राजपूत, पूर्व सरपंच दिलीप साहू, गजेंद्र साहू, रविशंकर गोस्वामी,तोरण लाल साहू,जसलोक साहू,रोशन साहू,अमरीश साहू,वीरेंद्र साहू,प्रकाश निषाद,विश्वनाथ साहू,थानसिंह साहू,प्रेमलाल देवांगन, रेमन पटेल,सुनील साहू,अजय ठाकुर के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

